Ph.:0172-2993903

# MARBLE FINVEST LIMITED

**Regd. Office: 78, Industrial Area, Phase-I, Chandigarh-160002, CIN: L65910CH1984PLC021285**
**Email ID: marblefinltd@gmail.com, Website: www.marblefinvest.com**

**BY ONLINE SUBMISSION**

Ref: Mable/Listing/2024-25
Dated: 13.11.2024

To
Head-Listing & Compliance
**Metropolitan Stock Exchange of India Ltd. (MSEI)**
Vibgyor Towers, 4th Floor,
Plot No C 62, G-Block, Opp. Trident Hotel,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai – 400098, India

**Subject: Publication of Extract of Unaudited Financial Results for the quarter and half year ended on 30/09/2024**

Dear Sir/Ma'am

It is inform you that extract of Unaudited Financial Results for the quarter and half year ended on 30/09/2024 have been published in "Financial Express" in English National Daily and "Jansatta" a Hindi Regional Daily on 14th November 2024 pursuant to Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Copies of said published extracts of the results in Financial Express, an English daily and Jansatta, a regional daily, which have been enclosed for your information and record.

Thanking you

Yours faithfully,
**For Marble Finvest Ltd.**

Arpit

**Arpit Sharma**
**(Company Secretary)**

MARBLE FINVEST LIMITED

**Enc.: a/a**

## खबर कोना

### ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नारनौल, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

समपीवर्ती गांव ढाणी बाठोठा बस अड्डे के समीप 35 वर्षीय एक ट्रक चालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई और उसका शव राष्ट्रीय उच्चमार्ग-148बी पर उसके ही ट्रक के सामने पड़ा मिला। जानकारी के मुताबिकमौके पर नांगल चौधरी थाना में गांव ढाणी बठोठा के बस अड्डे के समीप एक शादी समारोह से लौट रहे लोगों को एक ट्रक के सामने एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में गिरा पड़ा नजर आया। इस बाबत लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को एंबुलेंस वाइन से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में जन गंवाने वाले ट्रक चालक की पहचान नारनौल के गांव डोहर के निवासी 35 वर्षीय हनुमान के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह कई दिनों से ट्रक पर ही था और वह ट्रक से बाहर कैसे आया व उसका शव सड़क पर कैसे पड़ा मिला, इस बात की जांच पुलिस कर रही है।

### सुखबीर ने धार्मिक कदाचार की सजा सुनाने का अकाल तख्त से किया आग्रह

चंडीगढ़, 13 नवंबर (ब्यूरो)।

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर बादल ने बुधवार को अकाल तख्त के जत्थेदार से धार्मिक कदाचार के आरोप में उनकी सजा की घोषणा करने का आग्रह किया और कहा कि उन्हें ह्यतनखैयाह्ण (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किए हुए दो महीने से अधिक समय बीत चुका है। बीती तीस अगस्त को अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने वर्ष 2007 से वर्ष 2017 तक अकाली दल और उसकी सरकार द्वारा की गई "गलतियों" के लिए बादल को 'तनखैया' घोषित किया था। जत्थेदार ने अब तक बादल के लिए धार्मिक सजा की घोषणा नहीं की है। बादल ने बुधवार को अमृतसर में अकाल तख्त सचिवालय में अपना लिखित अनुरोध प्रस्तुत किया। पूर्व मुख्यमंत्री बादल ने अपना अनुरोध प्रस्तुत करने के बाद अमृतसर में पत्रकारों से कहा कि अकाल तख्त के आदेश को हर सिख स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि 'तनखैया' घोषित किए जाने के एक दिन बाद वे सजा के लिए अकाल तख्त के समक्ष उपस्थित हुए थे।

### गांवों-शहरों में गरीब लोगों के लिए पांच लाख आवास

चंडीगढ़,13 नवंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीबों के लिए पांच लाख नए घर बनाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, श्रमिकों के लिए उनके कार्यस्थल के आसपास एक लाख घर अतिरिक्त बनाए जाएंगे। हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने बुधवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन अपने अभिभाषण में नायब सिंह सैनी की सरकार का रोडमैप पेश किया। प्रदेश सरकार ने गांव स्तर पर खेलों का ढांचा मजबूत करने तथा धरातल पर खिलाडियों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य की हर ग्राम पंचायत को 25 लाख रुपए की राशि देने का निर्णय लिया है।

### महिला कर्मियों को मनचाहे जिलों में मिलेगी नियुक्ति

चंडीगढ़, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार ने महिलाओं को घर के पास काम करने की बड़ी सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की नौकरियां कर रही महिला कर्मचारियों को उनके मनचाहे जिलों में पोस्टिंग दी जाएगी। इसके लिए सरकार नीति बना रही है। बुधवार को सदन में राज्यपाल ने अभिभाषण में कहा कि रात के शिफ्ट में काम करने वाली सभी महिला कर्मचारियों को सुरक्षित परिवहन सुविधा भी मिलेगी। प्रदेश सरकार की इस योजना से सबसे अधिक फायदा महिला जेबीटी और टीजीटी को होगा। हरियाणा सरकार ने भविष्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशनों में बढ़ोतरी होने का संकेत भी दिया है। राज्यपाल के अनुसार डीए और पेंशन को जोडने वाले वैज्ञानिक फार्मूले के आधार पर सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी की जाएगी।



श्रद्धालु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर चंडीगढ़ में बुधवार को नगर कीर्तन निकाला गया। -कमलेश्वर सिंह

# पटियाला में चोरियों का सरगना निकला दिल्ली का भगोड़ा

पटियाला, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

*सरगना सहित तीन आरोपी अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किए गए।*

पटियाला शहर में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला दिल्ली का भगोड़ा निकला। आरोपी पटियाला में दो साथियों सहित चोरी की वारदातें कर रहा था। कोतवाली पटियाला पुलिस ने इन तीनों आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल, 15 जिंदा कारतूस, चोरीशुदा कार, दो एपल मोबाइल फोन, दो टैब व एलईडी बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डा नानक सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान क्षितिज भारद्वाज उर्फ जीतू, निवासी जनता फ्लैट, मयूर विहार, फेस तीन, नई दिल्ली और संदीप सिंह उर्फ गुल्लू निवासी गांव आसा माजरा बक्शीवाला थाना पटियाला के रूप में हुई। इन आरोपियों को डकाला मार्ग से गिरफ्तार किया गया है और तीन दिन के पुलिस हिरासत में भेजा गया है। क्षितिज इस गिरोह का सरगना है। इन लोगों ने 28 अक्तूबर को सिविल लाइंस स्कूल के समीप एक होंडा सिटी कर चोरी की थी। इसी कार में सवार होकर इन लोगों ने त्रिपड़ी प्रीत नगर स्थित बीजी टेलीकाम और अन्य दुकानों से करीब 60 लाख रुपए का इलेक्ट्रानिक सामान चोरी किया था।

एसएसपी ने बताया कि दिल्ली निवासी दोनों आरोपी पिछले कई दिनों से पटियाला के आरोपी के साथ रहने लगे थे। इन लोगों ने त्रिपड़ी इलाके में दुकान में चोरी की थी, जिसके बाद इन लोगों की सीसीटीवी फुटेज वीडियो प्रसारित हो गई थी।

# हरियाणा के कई हिस्सों की हवा 'बेहद खराब' श्रेणी में

## भिवानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 358 पर पहुंचा

चंडीगढ़, 13 नवंबर (ब्यूरो)।

हरियाणा और पंजाब में बुधवार को प्रदूषण का स्तर काफी अधिक रहा और भिवानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 358 दर्ज किया गया जो 'बेहद खराब' की श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 'समीर ऐप' के अनुसार, पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में एक्यूआई 355 दर्ज किया गया।

हरियाणा के जिला पानीपत में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 336, सोनीपत और चरखी दादरी, दोनों स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 322, जींद में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ)313, रोहतक में 275, गुरुग्राम में 273, पंचकूला में 266, बहादुरगढ़ में 258, कुरुक्षेत्र में 248 तथा यमुनानगर में 242 दर्ज किया गया।

पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ में एक्यूआइ 308, अमृतसर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 270, पटियाला में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 258, जलंधर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 229, लुधियाना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 209 और रूपनगर में एक्यूआइ 191 रहा। ज्ञातव्य है कि 0-50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक ‍‍िर 'अच्छा', 51-100 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 'संतोषजनक', 101-200 के बीच 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'बहुत खराब' और 401-500 को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। यहां यह भी ज्ञातव्य है कि अक्तूबर और नवंबर सहित दो महीनों के दौरान धान की कटाई के बाद पराली जलाए जाने को लेकर पंजाब और हरियाणा को अक्सर दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। धान की कटाई के बाद गेहूं की बोवाई के लिए बहुत कम समय बचे होने के कारण कुछ किसान अवशेष को जल्द साफ करने के लिए खेतों में आग लगाकर जलाते हैं।



चंडीगढ़ में सड़क पर धुआं छाया रहा। -कमलेश्वर सिंह

### मान ने केंद्र से प्रोत्साहन मांगा

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार यहां केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह किसानों को खेतों में पराली जलाने से रोकने के लिए कुछ प्रोत्साहक कदम उठाए। मान का कहना है कि किसानों ने हमेशा से ही देश में हरित क्रांति लाने में मदद की है और अब उन्हें इस संवेदनशील मोड़ पर आकर उनका हाथ थामने वाला चाहिए। मान ने किसानों को खेतों में पराली नहीं जलाने की दिशा में प्रेरित करने के लिए एक हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दिए जाने का सुझाव दिया है। मान का यहां तक कहना है कि इतनी ही राशि वह अपनी ओर से भी किसानों को देने को तैयार हैं।

# भाजपा की जीत भ्रष्टाचार मुक्त शासन को समर्थन दिखाती है : राज्यपाल

चंडीगढ़, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को कहा कि भाजपा नीत सरकार ने विधानसभा चुनाव में 'ऐतिहासिक और निर्णायक' जनादेश हासिल किया जो इसकी मौजूदा नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है। राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि चुनाव में भाजपा की जीत इस बात की सूचक है कि लोग भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी प्रशासन और समावेशी विकास का समर्थन करते हैं।

इससे पूर्व हरियाणा विधानसभा की बैठक 25 अक्तूबर को हुई थी, लेकिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने और सदन में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को चुने जाने के बाद इसे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। पांच अक्तूबर को हुए चुनाव में भाजपा ने 90 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीट जीतकर राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की। कांग्रेस ने 37 सीट पर जीत दर्ज की, इंडियन नैशनल लोकदल ने दो सीट जीती और तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित विधायक पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। राज्यपाल ने उनका विशेष स्वागत करते हुए कहा, 'नब्बे सदस्यीय सदन में 40 सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर आए हैं।'

### एससी आरक्षण के कोटे में कोटा लागू हुआ, वंचितों को भी लाभ

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) 20 फीसद आरक्षण के कोटे में कोटा लागू हो गया है। इसमें अब सरकारी नौकरियों में 10 फीसद कोटा वंचित अनुसूचित जातियों के लिए और दस फीसद कोटा अन्य अनुसूचित जातियों के लिए होगा। बुधवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एससी-एसटी वर्ग में आरक्षण के उपवर्गीकरण की घोषणा की और उसके कुछ देर बाद ही मुख्य सचिव ने इसका आदेश भी जारी कर दिया। अन्य अनुसूचित जाति श्रेणी में 15 तथा वंचित अनुसूचित जाति श्रेणी में 66 जातियां शामिल हैं। सरकार के इस फैसले का सबसे अधिक लाभ वंचित अनुसूचित जाति श्रेणी में शामिल 66 जातियों के लोगों को मिलेगा, जिनके लिए नौकरियों के अवसर लगातार कम होते जा रहे थे।

# नकली खाद और बीज की बिक्री रोकने को कानून बनाएगी सरकार

चंडीगढ़ 13 नवंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा की नायब सिंह सैनी नीत सरकार ने एलान किया है कि प्रदेश में नकली बीज, नकली कीटनाशक और नकली खाद की बिक्री रोकने के लिए जहां कानून बनाया जाएगा। अब किसानों को उनकी फसल की कीमत 72 घंटे के बजाय 48 घंटे के ही भीतर मिलना शुरू हो जाएगी।

धान की बजाय अन्य कोई फसल बोने अथवा खेत खाली रखने पर किसान को प्रति एकड़ 10 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। पहले यह राशि सात हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से निर्धारित थी।

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने अपने अभिभाषण के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की इस पहल की जानकारी दी। प्रदेश सरकार जल्दी ही किसान उत्पादक संघ तथा सहकारी संगठन पैक्स का बड़ा नेटवर्क खड़ा करेगी।

# सीईटी पास को एक साल नहीं मिली नौकरी तो दो साल मिलेगा भत्ता

चंडीगढ़, 13 नवंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने विपक्ष से एक और मुद्दा छीनते हुए एलान किया है कि प्रदेश में अगर सीईटी पास युवाओं को एक साल तक सरकारी नौकरी नहीं मिली तो प्रदेश सरकार दो साल तक नौ हजार रुपए मासिक भत्ता देगी। तब तक सरकार ने सीईटी पास युवाओं को नौकरियां मिल जाने की अपेक्षा जताई है। सरकार ने अगले पांच सालों में दो लाख सरकारी नौकरियां और देने की घोषणा की है। इसके अलावा पांच लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी व अन्य रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। सरकार ने जिन पांच लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर प्रदान करने का वादा किया है, उन्हें 'नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना' के माध्यम से मासिक स्टाइपंड की सहायता भी दी जाएगी।

Rabobank

**कोऑपरेटिव राबोबैंक यू.ए., मुंबई शाखा के बकाया अधिकृत डीलर उत्तरदायित्वों का एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को हस्तांतरण**

कोऑपरेटिव राबोबैंक यू.ए., मुंबई शाखा ('राबोबैंक इंडिया शाखा') अपने भारतीय बैंकिंग परिचालन को बंद करने की प्रक्रिया में है। इस प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों को सहज अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, राबोबैंक इंडिया शाखा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ('एचडीएफसी बैंक') के साथ हाथ मिलाया है।

भारत में अपने बैंकिंग परिचालन को बंद करने की सुविधा के लिए, राबोबैंक इंडिया शाखा के एडी कोड में सभी बकाया बीओई, ओआरएम, आईआरएम और शिपिंग बिल लेनदेन ('इन-स्कोप प्रविष्टियाँ') के लिए अधिकृत डीलर ('एडी') की ज़िम्मेदारियाँ 25 अक्टूबर 2024 ('समापन तिथि') से राबोबैंक इंडिया शाखा से एचडीएफसी बैंक को हस्तांतरित कर दी गई हैं। तदनुसार, उपर्युक्त इन-स्कोप प्रविष्टियों से संबंधित सभी पूछताछ या पत्राचार एचडीएफसी बैंक से किए जाने चाहिए।

प्रभावित ग्राहकों को इसकी लिखित सूचना दे दी गई है।

यदि इस संबंध में आपके कोई प्रश्न हों तो कृपया राबोबैंक इंडिया शाखा: कोऑपरेटिव राबोबैंक यू.ए., मुंबई शाखा, छठी मंजिल, पेनिनसुला टावर्स, पेनिनसुला कॉर्पोरेट पार्क, लोअर परेल, मुंबई - 400 013 और एचडीएफसी बैंक से एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ट्रेड फाइनेंस ऑपरेशंस, जेनिथ हाउस, दूसरी मंजिल, रेस कोर्स गेट नंबर 5 और 6 के सामने, महालक्ष्मी, मुंबई 400034 से संपर्क करें।

MARBLE FINVEST LIMITED
CIN: L65910CH1984PLC021285
Regd. Off:- Plot No. 78, Industrial Area, Phase-I, Chandigarh-160002
Ph : 0172-2993903, E-mail:marblefinltd@gmail.com, website:marblefinvest.com

Extract from Un-Audited Financial Results for quarter and half year ended 30.09.2024 (Rs. in lacs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | Year to date figure | Corresponding 3 months ended in the previous year |
|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2024 | 30.09.2024 | 30.09.2023 |
| 1. | Total Income from Operations | 3.28 | 6.53 | 3.86 |
| 2. | Net Profit/(Loss) (before tax and Exceptional and/or Extraordinary Items) | (1.18) | (2.08) | 0.43 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and /or Extraordinary items) | (1.18) | (2.08) | 0.43 |
| 4. | Net Profit/(Loss) after tax and Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.18) | (2.08) | 0.32 |
| 5. | Total Comprehensive Income (Comprising Profit/ (loss)after tax and other comprehensive Income) | (1.18) | (2.08) | 0.32 |
| 6. | Equity Share Capital of Nominal value of Rs.10/- each | 279.90 | 279.90 | 279.90 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet | 6179.23 | 6179.23 | 3221.08 |
| 8. | Earnings Per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)(amount in Rs.) Basic & Diluted: | (0.04) | (0.07) | 0.01 |

Note: The above is an extract of the detailed format of quarterlyFinancial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Financial Results is available on the website of Metropolitan Stock Exchange of India (MSEI) at www.msei.in and company's website at www.marblefinvest.com.

By order of the Board
For Marble Finvest Ltd
Sd/- (Kamal Jeet)
Whole Time Director &CFO (DIN:08562859)

Place:Chandigarh
Date:13.11.2024

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 1)**
2nd Floor, SCO 33-34-35, Sector-17A, Chandigarh

**DEMAND NOTICE**
**NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.**

RC/413/2024 (PUBLICATION NOTICE) Dated : 07.11.2024

PUNJAB NATIONAL BANK
Versus
M/S MACHHI RAM KISHAN CHAND SIDANA

To,
**(CD 1) M/s Machhi Ram Kishan Chand Sidana, A Partnership Firm, Situated at Mohkam Arian Road, Jalalabad West-152024 through its Partners Sh. Vimal Sidana, Sh. Rajeev Sidana and Sh. Tushar Sidana (Defendant No. 2 to 4 herein) Police Station, City Police Station, Jalalabad West.**
**(CD -2) Sh. Vimal Kumar Sidana S/o Sh. Machhi Ram Sidana Partner M/s Machhi Ram Kishan Chand Sidana, Situated at Mohkam Arian Road, Jalalabad West, Punjab.**
**Also At: House No. 40, Near Old Grain Market, Jalalabad West.**
**(CD-3) Sh. Rajeev Kumar S/o Sh. Surinder Kumar Partner M/s Machhi Ram Kishan Chand Sidana, Situated at Mohkam Arian Road, Jalalabad West, Punjab.**
**Also At : House No. 47-A, Pushpanjali Enclave, Near DAV School, Pitampura, New Delhi.**
**(CD-4) Sh. Tushar Sidana S/o Sh. Rakesh Kumar Partner M/s Machhi Ram Kishan Chand Sidana, Situated at Mohkam Arian Road, Jalalabad West, Punjab.**
**Also At : House No. 47-A, Pushpanjali Enclave, Near DAV School, Pitampura, New Delhi.**
**(CD-5) Smt. Rajana Sidana W/o Sh. Vimal Sidana, R/o House No. 40, Ward No. 10, Near Old Grain Market, Jalalabad West, Punjab.**
**(CD-6) Sh. Surinder Kumar S/o Sh. Machhi Ram, R/o House No. 47-A, Pushpanjali Enclave, Near DAV School, Pitampura, New Delhi.**
**(CD-7) Smt. Suman Lata W/o Sh. Surinder Kumar, R/o House No. 47-A, Pushpanjali Enclave, Near DAV School, Pitampura, New Delhi.**
**(CD-8) Sh. Rakesh Kumar S/o Sh. Machhi Ram, R/o House No. 47-A, Pushpanjali Enclave, Near DAV School, Pitampura, New Delhi.**
**(CD-9) Smt. Pushpa Rani W/o Sh. Rakesh Kumar, R/o House No. 47-A, Pushpanjali Enclave, Near DAV School, Pitampura, New Delhi.**
**(CD-10) M/s M R Exports through Prop. Rakesh Kumar, Situated at Mohkam Arian Road, Jalalabad West, Punjab.**
**(CD-11) Smt. Kaushalya Wanti W/o Late Sh. Machhi Ram Since Deceased through heir Legal Heirs.**

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 1) **in OA/483/2020** an amount of **Rs. 27,58,69,265/-** (Rupees Twenty Seven Crore Fifty Eight Lacs Sixty Nine Thousand Two Hundred Sixty Five Only) along with pendentellite and future interest @ **13.25%** Compound interest monthly w.e.f. **20.12.2019** till realization and costs of **Rs. 1,50,005/-** (Rupees One Lacs Fifty Thousand Five Only), has become due against you (Jointly and severally/Fully/Limited).

**2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

**3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. Your are hereby ordered to appear before the undersigned on **06.01.2025** at 10:30 A.M. for further proceedings.

**5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:**

**(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/ execution proceedings.

**(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date **07.11.2024.**

**Recovery Officer**
**DEBTS Recovery Tribunal Chandigarh, DRT-1**

